प्रेस विज्ञप्ति

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नाकोत्तर महिला महाविद्यालय अलीगंज, लखनऊ में विगत अप्रैल माह से बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है एवं आवेदन की अंतिम तिथि 10.08.2020 निर्धारित की गई थी। इस संदर्भ में डॉक्टर विनीता लाल (बी ए), डॉ शरद कुमार वैश्य (बी एस सी), एवं डॉ रश्मि अग्रवाल (बी कॉम) को प्रवेश प्रभारी तथा डॉ शालिनी श्रीवास्तव, डॉ पूनम वर्मा एवं डॉ अरविंद यादव को सदस्य (बी ए) व डॉ राघवेन्द्र प्रताप नारायण को सदस्य (बी एस सी) नामित किया गया। सभी संकायों हेतु मेरिट लिस्ट महाविद्यालय की वेबसाइट nscbonline.in पर दिनांक 18.08.2020 को जारी की जाएगी। प्रत्येक संकाय में समस्त वर्गों की सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सीटें नियमानुसार आरक्षित की गई हैं एवं सरकार के निर्देशानुसार १० प्रतिशत सीटें सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर आयवर्ग (EWS) के लिए भी आरक्षित हैं। कला संकाय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, शारीरिक शिक्षा विषय उपलब्ध होंगे (सीटों के अनुसार)। विज्ञान संकाय में जीव वर्ग एवं गणित वर्ग के विषय उपलब्ध है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने बताया कि कोविड - १९ महामारी के दृष्टिगत सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा व प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से संपादित की जाएगी। प्रवेश संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट nscbonline.in देखें।